1. 'हाथ के अंगूठे के ठीक पास की अँगुली' हेतु उपयुक्त शब्द है–

(1) मध्यमा

(2) अनामिका

(3) कनिष्ठा

(4) तर्जनी

2. पर्वत का पर्यायवाची नहीं है–

(1) अचला

(2) अचल

(3) अद्रि

(4) नग

3. असंगत पर्यायवाची शब्द है–

(1) ईर्ष्या

(2) डाह

(3) जलन

(4) मनमुटाव

4. 'अपने मुँह अपनी प्रशंसा करने वाला' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है–

(1) आत्मश्लाघी

(2) आत्माराम

(3) आत्मरत

(4) आत्मानंद

5. उपयुक्त स्थानापन्न शब्द नहीं है–

(1) मांसल व मोटा शरीर – स्थूलकाय

(2) प्रत्येक कार्य में देर करने वाला – दीर्घसूत्री

(3) कम भोजन करने वाला – मिताहार

(4) स्वयं अपनी हत्या करने वाला – आत्महत्या

6. किस विकल्प में 'अ' का प्रयोग उपसर्ग की भाँति नहीं हुआ है?

(1) अनियत

(2) अनित्य

(3) अनिष्ट

(4) अनिष्ठ

7. अशुद्ध अर्थयुक्त अनेकार्थी शब्द है–

(1) कल – मशीन, चैन

(2) अंबर – आकाश, वस्त्र

(3) कलम – लेखनी, आम

(4) शिलीमुख – बाण, भौंरा

8. कर्मधारय समास का उदाहरण है–

(1) शयनागार

(2) आत्मनिर्भर

(3) श्रद्धांजलि

(4) मुख–चन्द्र

9. व्यंजन संधि से निर्मित शब्द नहीं है–

(1) दिगम्बर

(2) उन्नति

(3) वागीश

(4) रवीन्द्र

10. उपसर्ग रहित शब्द है–

(1) अंजलि

(2) अवस्थित

(3) संकल्प

(4) अभयारण्य

11. 'कल' शब्द का अर्थ नहीं होता–

(1) कलम

(2) चैन

(3) मशीन

(4) आने वाला दिन

12. कौनसा शब्द 'कर' के अर्थ से असंबद्ध है?

(1) काँटा

(2) प्रकाश–किरण

(3) हाथी की सूंड

(4) शुल्क

Join Telegram Group "HaryanaJobs.in"

13. समास–विग्रह के आधार पर किस शब्द में कर्मधारय और बहुब्रीहि दोनों समास हो सकते हैं?

(1) पीतांबर

(2) नवग्रह

(3) चतुरानन

(4) त्रिलोचन

14. कौनसा शब्द शुद्ध नहीं है?

(1) विवाहेतर

(2) निरुत्तर

(3) इतरेतर

(4) उत्तरोतर

15. सही विलोम नहीं है–

(1) आह्लाद–विषाद

(2) आह्वान–पलायन

(3) अतुल–तुल्य

(4) अदृश्य–दृश्य

16. किस विकल्प में शब्द–युग्म का अर्थ–भेद क्रमशः असंगत है?

(1) वरण – वारण = त्यागना – चुनना

(2) मोर – मौर = पक्षी विशेष – मुकुट

(3) प्रहार – परिहार = चोट – समाधान

(4) व्यजन – व्यंजन = पंखा – पकवान

17. 'पढ़े लिखे लोग भी दुर्भाग्य के कारण मारे मारे फिरते हैं' इस अर्थ के लिए प्रचलित लोकोक्ति 'पढ़े फारसी बेचे ..............................., यह देखो कुदरत का खेल' में रिक्त स्थान हेतु उपयुक्त शब्द है–

(1) तेल

(2) बेल

(3) भेल

(4) रेल

18. 'जो स्वयं उत्पन्न हुआ हो' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है–

(1) स्वयंसिद्ध

(2) स्वयंभू

(3) सहजात

(4) प्रत्युत्पन्न

19. 'ईन' प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं है–

(1) ग्रामीण

(2) मतिहीन

(3) कुलीन

(4) नवीन

20. कौनसा शब्द अशुद्ध है?

(1) पुर्नरचना

(2) सौहार्द

(3) द्रष्टव्य

(4) दयार्द्र

21. किस विकल्प में 'प्र' उपसर्ग रहित शब्द भी हैं?

(1) प्रणाम, प्रदान, प्रकाशन

(2) प्रणव, प्रदर्शन, प्रकट

(3) प्रण, प्रताप, प्रकृति

(4) प्रणय, प्रतीक्षा, प्रक्रिया

22. 'उद्यत – उद्धत' का सुसंगत अर्थ–भेद है–

(1) तत्पर – प्रचंड

(2) तैयार – व्याकुल

(3) अक्खड़ – तैयार

(4) अभिमानी – तत्पर

23. निम्नलिखित में अशुद्ध शब्द है–

(1) विशिष्ठ

(2) स्वादिष्ठ

(3) बलिष्ठ

(4) पृष्ठ

24. विलोम शब्द नहीं है–

(1) जड़–चेतन

(2) उत्कर्ष–निष्कर्ष

(3) प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष

(4) यश–अपयश

25. निम्नलिखित में 'अंक' शब्द का अर्थ नहीं है–

(1) गणित

(2) गोद

(3) चिह्न

(4) धब्बा

26. किस विकल्प में वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द नहीं है?

(1) अत्यधिक सुन्दर और प्रिय – अतिकान्त

(2) पूर्व दिशा की प्रातःकालीन लाली – अरुणा

(3) अँगूठे व मध्यमा के बीच की अंगुली – अनामिका

(4) अनिश्चित जीविका – आकाशवृत्ति

27. 'वि' उपसर्ग का उदाहरण नहीं है–

(1) विक्रांत

(2) विश्वस्त

(3) विश्वामित्र

(4) विशेषण

28. मनोज–मनोज्ञ युग्म का सही अर्थ है–

(1) कामदेव–ज्ञानी

(2) ज्ञानी–सुंदर

(3) कमल–मन में जन्मा

(4) कामदेव–सुंदर

29. 'ग्रन्थ–ग्रन्थि' समश्रुत शब्द का सही अर्थ है–

(1) किताब – वेदपाठी ब्राह्मण

(2) पुस्तक – गाँठ

(3) गूँधना – सिखगुरु

(4) रचना – रचनाकार

30. सन्धि से निर्मित सही शब्द नहीं है–

(1) प्र + ऊढ = प्रोढ

(2) चन्द्र + उदय = चन्द्रोदय

(3) महा + उत्सव = महोत्सव

(4) समुद्र + ऊर्मि = समुद्रोर्मि

31. किस विकल्प में परस्पर विलोम शब्द नहीं हैं?

(1) निष्क्रिय – सक्रिय

(2) स्थावर – जंगम

(3) अवसाद – विषाद

(4) भ्रांत – निर्भ्रान्त

32. सही विलोम नहीं है–

(1) आविर्भाव–तिरोभाव

(2) एकांत–संकुल

(3) हिंसा–प्रतिहिंसा

(4) भ्रांत–निर्भ्रान्त

33. 'आन' प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है–

(1) गुमान

(2) उठान

(3) लगान

(4) उड़ान

34. षण्मुख का संधि–विच्छेद होगा–

(1) षट + मुख

(2) षण् + मुख

(3) षड् + मुख

(4) षट् + मुख

35. शुद्ध वाक्य है–

(1) वह अपने भाग्य को कोस रहा है।

(2) विशिष्ट अतिथियों में निम्नलिखित नाम उल्लेखनीय है।

(3) इस बात का स्पष्टीकरण करना आवश्यक है।

(4) यह असली गाय का घी है।

36. निम्नलिखित में उपसर्ग रहित शब्द है–

(1) कुटिल

(2) स्वच्छ

(3) औपचारिक

(4) आश्वासन

37. शुद्ध वाक्य नहीं है–

(1) इसी बहाने हमें दर्शन हो गये।

(2) आपका यह मत ग्राह्य योग्य है।

(3) उपस्थित लोगों ने संकल्प किया।

(4) अश्वमेध का घोड़ा पकड़ा गया।

38. किस लोकोक्ति का भावार्थ सुसंगत नहीं है?

(1) चोर की दाढ़ी में तिनका – अपराधी का निश्शंक होना

(2) अधजल गगरी छलकत जाए – अधूरे ज्ञान पर इतराना

(3) नीम हकीम खतरे जान – अधूरा ज्ञान हानिकारक होता है

(4) नक्कारखाने में तूती की आवाज – प्रभावशाली लोगों के बीच साधारण लोगों की सुनवाई न होना

39. 'मेघ–मेध' शब्द युग्म का सही अर्थ है–

(1) जलद – जलधि

(2) जलधि – हवन

(3) जलद – यज्ञ

(4) नीरधि – नीरज

40. 'दुर्व्यवहार' में कौनसा उपसर्ग प्रयुक्त नहीं हुआ है?

(1) दु

(2) दुर्

(3) वि

(4) अव

41. शुद्ध वाक्य नहीं है–

(1) इस बात के स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

(2) मैंने उनकी बहुत प्रतीक्षा की।

(3) वह विलाप करके रोने लगा।

(4) उसने अपने पाँव से जूता उतारा।

42. किस विकल्प में अशुद्ध विलोमता है?

(1) हार–जीत, अग्र–पश्च

(2) सुकर–दुष्कर, स्याह–सफेद

(3) सापेक्ष–निरपेक्ष, भ्रान्त–निर्भ्रान्त

(4) विज्ञ–सुविज्ञ, ऋत–अनृत

43. 'आप पहले ही काफी ऋण ले चुके हैं फिर भी और ऋण लेने का इरादा रखते हैं। याद रखिए ...................... ............................ ।' वाक्य में रिक्त स्थान हेतु उपयुक्त लोकोक्ति है–

(1) जो पहले मारे सो मीर।

(2) जो गुड़ खाए वही कान छिदाए।

(3) ज्यों–ज्यों भीजे कामरी, त्यों–त्यों भारी होय।

(4) ज्यों–ज्यों मुर्गी मोटी हो, त्यों–त्यों दुम सिकुड़े।

44. किस समूह में सभी शब्द पर्यायवाची हैं?

(1) भिक्षा, याचकवृत्ति, मधुकरी

(2) अपर्णा, रुद्राणी, सिंधुजा

(3) निशा, यामिनी, रजनीचर

(4) राधिका, वृषभानुजा, महिषी

45. अशुद्ध शब्द है–

(1) अभ्यन्तर

(2) प्रज्जवलित

(3) अधिशासी

(4) योगिराज

46. 'टीका' शब्द का अर्थ नहीं होता–

(1) तिलक

(2) विशेष गहना

(3) घमण्ड

(4) व्याख्या

47. किस शब्द में 'गार' प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है?

(1) यादगार

(2) सभागार

(3) मददगार

(4) गुनहगार

48. किस विकल्प में मुहावरे का युक्तियुक्त अर्थ नहीं है?

(1) पेंदे के बल बैठना – पराभव मानना

(2) छठी का राजा – कठिन परिश्रम करने वाला

(3) छाती उमड़ आना – प्रेम या करुणा से गद्गद होना

(4) पेट में पांव होना – छली–कपटी होना

49. निम्नलिखित शब्दों पर विचार कीजिए–

(अ) विटप (ब) भूधर् (स) द्रुम (द) पल्लव

किस विकल्प में सभी शब्द 'वृक्ष' के पर्याय हैं?

(1) अ, ब

(2) ब, स

(3) स, द

(4) अ, स

50. 'दारु–दारू' का सही अर्थ है–

(1) स्त्री–शराब

(2) लकड़ी–शराब

(3) शराब–दवाई

(4) दवा–स्त्री

51. **Change the following Exclamatory sentence into Assertive:**

How beautiful is the night!

(1) The night appears to be beautiful.

(2) The night is very beautiful.

(3) Beautiful is the night.

(4) Night seems to be beautiful.

52. **Choose the correct meaning of the Italicised Idiom:**

Beware of that fellow. He is a *wolf in sheep's clothing.*

(1) Formidable

(2) Hypocrite

(3) Completely insane

(4) Agile

53. **Fill in the blank with the correct option:**

I --------- a play by Pinter.

(1) am reading

(2) reading

(3) have reading

(4) had been read

54. **Choose the correct option of the italicized word:**

Answer the first question before you proceed *furture*.

(1) further

(2) farther

(3) fatter

(4) farthest

55. **Choose the correct Active transformation of the given Passive:**

There is no shop to be let.

(1) There is no shop to let.

(2) Let there be shops to let.

(3) Let me have shops.

(4) Shops are there to be let.

56. The sentence has been broken up into four parts. Choose the part which is grammatically and meaningfully wrong:

(1) For the young and the motivated

(2) in our country is lot of

(3) .opportunities and promises

(4) of meaningful start ups.

**57. Choose the correct option to fill in the blank space:**

After the French Police had successfully used dogs, the German authorities too --------- of using them.

(1) think

(2) are thinking

(3) thought

(4) will think

**58. Choose the correct negative of the following affirmative sentence:**

We tried every plan.

(1) We left no plan untried.

(2) Every plan was not tried.

(3) Tried not any plan.

(4) No plan was tried well.

**59. Choose the correct Active transformation of the given Passive:**

Notice was taken down.

(1) They took down the notice.

(2) Notice has been taken down.

(3) They will take the notice down.

(4) None of the above

**60. Choose the correct Indirect form of the following Direct speech sentence:**

"We had better go", said she getting up.

(1) She said getting up that they had better go.

(2) She said in a hurry to go.

(3) She said we must go better.

(4) She said getting up to go that it was better.

61. **Choose the option that best explains the underlined idiom/phrase:**

The teacher always played the devil's advocate to provoke discussion in the classroom.

(1) Favour the weak

(2) Present a counter argument

(3) Be on the side of the administration

(4) Embarassed the female students

62. **Choose the word which means the following:**

Compulsory enlistment for military.

(1) Conscription

(2) Concealment

(3) Subscription

(4) None of the above

63. **Choose the option that is a one word substitution for the given phrase:**

A statement or proposition which is regarded as being established, accepted, or self-evidently true.

(1) Truism

(2) Cliché

(3) Proverb

(4) Axiom

64. **Fill in the blank by choosing the correct option:**

His --------- was gardening.

(1) vocation

(2) avocation

(3) vacation

(4) vaccination

65. Choose the antonym of the word "Complex" from the given options:

(1) Composite

(2) Uncomplicated

(3) Uncompounded

(4) Simple

66. **Fill in the blank choosing the correct tense form from the given options:**

I --------- to call on you yesterday evening, but it rained.

(1) going

(2) was going

(3) were

(4) will be going

67. Choose the correct sentence from the following:

(1) Relay chiefly on your own efforts.

(2) Rely chiefly on your own efforts.

(3) Realize chiefly on your own efforts.

(4) Repeat chiefly on your own efforts.

68. Which of the following is not a synonym of the word "Attractive"?

(1) Captivating

(2) Pretty

(3) Repulsive

(4) Appealing

69. **Choose the correct Indirect form of the following Direct speech sentence:**

He said, "Oh! I agree!"

(1) He said understandingly that he agreed.

(2) He exclaimed oh that he agreed.

(3) He said exclaimingly he agree.

(4) He said excitedly he was agreed.

70. **Pick the correct option which transforms the following affirmative sentence to negative:**

Where there is smoke there is fire.

(1) No fire, no smoke.

(2) There is no smoke without fire.

(3) Smoke and fire go together.

(4) All of the above

71. **Fill in the blank with the correct option:**

He --------- many examples to support his arguments.

(1) sited

(2) cited

(3) sighted

(4) site

72. **Change into Negative:**

Well made movies always entertain.

(1) Well made movies do not entertain.

(2) Unwell movies always entertain.

(3) Well made movies always entertain not.

(4) Well made movies never fail to entertain.

73. **Choose the correct active form of the sentence:**

Priyanka was married to Robert.

(1) Robert married Priyanka.

(2) Priyanka is married to Robert.

(3) Robert has been married Priyanka.

(4) Robert is going to marry Priyanka.

74. **Fill in the blank with correct preposition:**

He will remain --------- home until he is tested.

(1) in

(2) at

(3) for

(4) by

75. **Fill in the blank with the correct form of verb:**

The Sun --------- during the day.

(1) shines

(2) will shining

(3) shined

(4) have been shining

**76. Fill in the blank with a suitable article:**

I have --------- breakfast at 8 O' clock.

(1) an

(2) the

(3) No article required

(4) a

**77. Fill in the blanks with the correct option:**

--------- you --------- I was selected.

(1) Neither, either

(2) Neither, nor

(3) Either, nor

(4) Neither, or

**78. Pick the correct option to fill in the blank:**

When we were on holiday, we spent too --------- money.

(1) many

(2) much

(3) a few

(4) some

**79.** Choose the word with incorrect prefix mis_____:

(1) mislike

(2) misfire

(3) misjudge

(4) misunderstand

**80. From the following options, choose the correct phrase to fill in the blank space:**

The owner of the house --------- and gave us a bed for the night when our car broke down.

(1) took us in

(2) took us off

(3) took us on

(4) took us for

81. **Choose the correct Indirect form of the following Direct speech sentence:**

He said, "Mohan, when is the next train?"

(1) He asked Mohan when the next train was.

(2) He asked when was the next train.

(3) He asked Mohan when was the next train.

(4) None of the above

82. **Select the best option to fill in the blank:**

He --------- wait long as the next candidate was only a few minutes late.

(1) didn't have to

(2) didn't need to

(3) hadn't got to

(4) hadn't have to

83. **Choose the word which means the following:**

A remedy for all diseases.

(1) Insolvent

(2) Cure

(3) Panacea

(4) Physiology

84. **Choose the option that best explains the underlined idiom/phrase:**

<u>To throw down the glove</u> means:

(1) To accept defeat

(2) To reject an honour

(3) To resort to wrong tactics

(4) To give a challenge

85. **Transform the following sentence into Assertive:**

Could you give me a hand with this?

(1) He asked me for my hand.

(2) He asked me to give him a hand.

(3) He told me that I had better give him a hand.

(4) None of the above

86. **Choose the option that meaningfully completes the sentence:**

Our first impression of --------- is the most lasting.

(1) subjects

(2) project

(3) rejects

(4) objects

87. **Choose the correct option to fill in the blank space:**

She is proud that she --------- (achieve) stardome.

(1) has achieved

(2) achieve

(3) did achieve

(4) has achieves

88. The sentence has been broken up into four parts. Choose the part which is grammatically and meaningfully wrong:

(1) The worst incident

(2) involved a staff member

(3) who went complete insane

(4) after about four days.

89. **Choose the correct option:**

Rice is the --------- food of the Bengalis.

(1) principal

(2) principle

(3) princepal

(4) prrinceepal

90. Synonym of the word "Bliss" is:

(1) Inadequate

(2) Happy

(3) Fierce

(4) Polite

91. **Choose the correct synonym of the word:**

"Talkative"

(1) Garrulous

(2) Greedy

(3) Evil

(4) Shallow

92. **Choose the correct option for the underlined word:**

I am <u>your's sincerely</u>.

(1) yours sincerely

(2) No improvement

(3) your's sincerely'

(4) yours' sincerely

93. **Choose the prefix that meaningfully completes the sentence:**

It was rather ___fair that I alone was asked to report early for the meeting.

(1) af___

(2) un___

(3) dis___

(4) in___

94. **Choose the suffix that meaningfully completes the sentence:**

It seems he has a very photograph___ memory as he can vividly recollect all that happened.

(1) ___ly

(2) ___ic

(3) ___able

(4) ___full

95. **Choose the correct Passive of the following sentence from the given options:**

The Prime Minister invited each member of the Cabinet to state his views.

(1) The views of each member of the Cabinet was stated by the Prime Minister's invitation.

(2) Each member of the Cabinet was invited by the Prime Minister to state his views.

(3) Views stated by the member of the Cabinet was invited by the Prime Minister.

(4) The Prime Minister was invited to state the views by the member of the Cabinet.

**96. Choose the word which means the following:**

One who comes as a settler into a foreign country.

(1) Immigrant

(2) Emigrant

(3) Both (1) & (2)

(4) None of the above

97. Select the right prefix for the word "usual":

(1) Anti

(2) Uni

(3) Ex

(4) Un

98. Select the right suffix for the word "Icon":

(1) __ic

(2) __or

(3) __ful

(4) __able

99. Pick the correct sentence from the options given:

(1) Nobody lives forever.

(2) Nobody lives for ever.

(3) Everyone lives forever.

(4) Nobody wants to live ever.

**100. Fill in the blank space using the correct article:**

--------- English have managed to hold on to their traditions.

(1) A

(2) An

(3) No article required

(4) The

**101.** वर्ष 2022 में इनमें से किस हस्ती को 'पद्म–विभूषण' से सम्मानित किया गया?

(1) सुन्दर पिचाई

(2) नीरज चौपड़ा

(3) साइरस पूनावाला

(4) जनरल विपिन रावत

**102.** पृथ्वीराज चौहान की पत्नी का क्या नाम था?

(1) पद्मा

(2) संयोगिता

(3) मूमल

(4) कर्पूरीदेवी

**103.** सवाई मानसिंह अभयारण्य किस जिले से सम्बन्धित है?

(1) जयपुर

(2) दौसा

(3) सवाई माधोपुर

(4) करौली

**104.** निम्नलिखित जिलों में से ऐसा कौनसा जिला है, जिसकी सीमा 8 जिलों से मिलती है?

(1) पाली

(2) अजमेर

(3) टोंक

(4) कोटा

**105.** जनवरी 2023 में पाकिस्तान का प्रधानमंत्री कौन था?

(1) इमरान खान

(2) नवाज़ शरीफ

(3) शाहबाज़ शरीफ

(4) आरिफ अल्वी

**106.** वर्टीसोल मृदा मुख्यतः किस जिला समूह में पाई जाती है?

(1) सिरोही – उदयपुर

(2) कोटा – बूँदी

(3) झुन्झुनू – सीकर

(4) श्रीगंगानगर – हनुमानगढ़

107. रणकपुर जैन मन्दिर किसने बनवाया था?

(1) भामाशाह

(2) धरणा शाह

(3) विमल शाह

(4) कल्याणजी शाह

108. क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला कौनसा है?

(1) जैसलमेर

(2) बाड़मेर

(3) कच्छ

(4) लेह

109. किस मेले को आदिवासियों का कुम्भ कहते हैं?

(1) बेणेश्वर मेला

(2) बाणगंगा मेला

(3) ऋषभदेव मेला

(4) पुष्कर मेला

110. खड़ताल निम्न में से क्या है?

(1) नृत्य

(2) राग

(3) वाद्ययंत्र

(4) तालाब

111. सूची–1 व सूची–2 को सुमेलित कीजिए एवं दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–

| सूची–1 | सूची–2 |
|---|---|
| (अ) ईसरदा बाँध | क. जोधपुर |
| (ब) पिचियाक बाँध | ख. जयपुर |
| (स) सेई बाँध | ग. सवाई माधोपुर |
| (द) छापरवाड़ा बाँध | घ. उदयपुर |

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | क | घ | ख | ग |
| (2) | ख | ग | क | घ |
| (3) | ग | क | घ | ख |
| (4) | घ | ख | ग | क |

**112.** अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहाँ स्थित है?

(1) हरारे

(2) हेग

(3) वॉशिंगटन

(4) लंदन

**113.** भारत के किस राज्य में सबसे बड़ा हेलीकॉप्टर कारखाना खोला गया है?

(1) कर्नाटक

(2) तमिलनाडु

(3) आन्ध्र प्रदेश

(4) केरल

**114.** अरावली जिला निम्न में से किस राज्य में स्थित है?

(1) गुजरात

(2) राजस्थान

(3) मध्य प्रदेश

(4) हिमाचल प्रदेश

**115.** जनवरी 2023 में स्काउट–गाइड राष्ट्रीय जम्बूरी का आयोजन किस स्थान पर किया गया?

(1) खाजूवाला

(2) रोहट

(3) मेड़ता

(4) कानोड़

**116.** भारत किस देश के साथ सबसे लम्बी स्थलीय सीमा साझा करता है?

(1) पाकिस्तान

(2) बर्मा

(3) चीन

(4) बांग्लादेश

117. पाक जलडमरूमध्य किन दो देशों के मध्य स्थित है?

(1) भारत – पाकिस्तान

(2) भारत – बांग्लादेश

(3) भारत – श्रीलंका

(4) भारत – म्याँमार

118. पण्डित शिवकुमार शर्मा जिनका मई 2022 में निधन हो गया, वे किस वाद्य–यन्त्र से संबंधित थे?

(1) बाँसुरी

(2) सन्तूर

(3) सरोद

(4) शहनाई

119. निम्न में से कौन से क्षेत्र का विलय एकीकरण की प्रक्रिया में राजस्थान में नहीं हुआ?

(1) जोधपुर

(2) मत्स्य संघ

(3) मेवात

(4) सिरोही

120. दुधवाखारा किसान आंदोलन किस राज्य से सम्बंधित था?

(1) जैसलमेर

(2) बीकानेर

(3) जोधपुर

(4) जयपुर

121. भारतवर्ष में निम्न में से किस खनिज की 90 प्रतिशत से अधिक आपूर्ति राजस्थान करता है?

(1) चाँदी

(2) ताम्बा

(3) जिप्सम

(4) लोहा

122. "पीथल और पाथल" किस कवि की रचना है?

(1) माणिक्यलाल वर्मा

(2) चंदबरदाई

(3) कन्हैयालाल सेठिया

(4) विजयदान देथा

123. "काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान" किस राज्य से सम्बन्धित है?

(1) असम

(2) नागालैण्ड

(3) अरुणाचल प्रदेश

(4) आन्ध्र प्रदेश

124. "अग्निपथ" स्कीम किससे संबंधित है?

(1) अग्निशमन विभाग में भर्ती

(2) सेना में भर्ती

(3) नवीन संसद भवन निर्माण

(4) नये ग्रेड मिसाइल का विकास

125. भारत का प्रथम 24X7 सौर–ऊर्जा ग्राम किसे घोषित किया गया है?

(1) मोढेरा (गुजरात)

(2) मुन्नार (केरल)

(3) कमूठी (तमिलनाडु)

(4) भादला (राजस्थान)

126. किस राज्य की विधानसभा में देश का प्रथम डिजिटल संग्रहालय तैयार किया गया है?

(1) महाराष्ट्र

(2) गुजरात

(3) केरल

(4) राजस्थान

127. गिरिडीह कोयला खनन क्षेत्र स्थित है–

(1) मध्य प्रदेश में

(2) झारखण्ड में

(3) छत्तीसगढ़ में

(4) ओडिशा में

128. दस्तावेज़ों को डिजिटल फॉर्म में रखने के लिए भारत सरकार की एप का नाम है–

(1) ई–दस्तावेज़

(2) डिजीडॉक्युमेंट

(3) डिजीलॉकर

(4) डॉक्युमेंट सुरक्षा

129. हाल ही में स्मारक घोषित 'मानगढ़ धाम' का संबंध निम्न में से किस जिले से है?

(1) डूंगरपुर

(2) बांसवाड़ा

(3) उदयपुर

(4) पाली

130. अन्डर–19 महिला टी–20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 की विजेता भारतीय टीम की कप्तान कौन थी?

(1) ऋचा घोष

(2) शेफाली वर्मा

(3) मिताली राज

(4) श्वेता सारस्वत

131. सलादीपुरा (सीकर) से कौनसे खनिज का उत्खनन किया जाता है?

(1) पाइराइट्स

(2) बेराइट्स

(3) फेल्सपार

(4) लौह अयस्क

132. जयसिंह को मिर्जा राजा की उपाधि किसने दी थी?

(1) अकबर

(2) जहाँगीर

(3) शाहजहाँ

(4) शहज़ादा शुजा

133. सब ही गढां सिरोमणि, अति ही ऊँचो जाण।
अनड़ पहाड़ां ऊपरै, जबरो गढ़ जोधाण।।
यह उक्ति किस किले के बारे में प्रसिद्ध है?

(1) रणथम्भौर का किला

(2) लोहागढ़ का किला

(3) मेहरानगढ़ का किला

(4) भटनेर का किला

134. निम्न में से चम्बल की सहायक नदी है–

(1) बनास

(2) लूणी

(3) जवाई

(4) माही

135. वर्तमान में राजस्थान की कार्यपालिका के प्रमुख कौन हैं?

(1) अशोक गहलोत

(2) श्रीमती उषा शर्मा

(3) कलराज मिश्र

(4) कुलदीप रांका

136. भारतीय फिल्म 'आर आर आर' के गीत 'नाटू – नाटू' को कौनसा प्रतिष्ठित पुरस्कार (Award) प्राप्त हुआ है?

(1) गोल्डन पिकॉक

(2) फिल्म फेयर

(3) ग्रैमी

(4) गोल्डन ग्लोब

137. अजमेर की प्रसिद्ध दरगाह निम्न में से किससे सम्बन्धित है?

(1) शेख बुरहान चिश्ती

(2) ख्वाजा रसूल शाह

(3) ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती

(4) शेख हमीमुद्दीन

138. ब्रिटेन की महारानी एलिज़ाबेथ द्वितीय की मृत्यु के बाद किसे उनका उत्तराधिकारी घोषित किया गया?

(1) चार्ल्स तृतीय

(2) ऋषि सुनक

(3) लिज़ ट्रस

(4) चार्ल्स द्वितीय

139. राजस्थान के किस स्थान से जिओ (JIO) की 5जी (5G) सेवा आरम्भ की गयी?

(1) जयपुर

(2) नाथद्वारा

(3) उदयपुर

(4) झालावाड़

140. बूँदी के प्रसिद्ध किले तारागढ़ का निर्माण किसने करवाया था?

(1) सुरजन सिंह

(2) बुध सिंह

(3) बर सिंह हाड़ा

(4) राव देवा

141. वर्तमान में भारत के चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ (CDS) कौन हैं?

(1) एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया

(2) एडमिरल कर्मवीर सिंह

(3) ले. जनरल अनिल चौहान

(4) जनरल विपिन रावत

142. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कहाँ की राज्यपाल रह चुकी हैं?

(1) बिहार

(2) झारखण्ड

(3) ओडिशा

(4) राजस्थान

143. इनमें से कौनसा नृत्य राजस्थान से सम्बन्ध नहीं रखता है?

(1) कालबेलिया

(2) गैर

(3) घूमर

(4) झूमर

144. राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री कौन थे?

(1) सी. एस. वेंकटाचारी

(2) टीकाराम पालीवाल

(3) जयनारायण व्यास

(4) हीरालाल शास्त्री

145. बेणेश्वर का मेला लगता है–

(1) माघ पूर्णिमा को

(2) सावन पूर्णिमा को

(3) कार्तिक पूर्णिमा को

(4) चैत्र पूर्णिमा को

146. आर्य समाज द्वारा वैदिक यंत्रालय कहाँ स्थापित किया गया था?

(1) जयपुर

(2) अजमेर

(3) उदयपुर

(4) जोधपुर

147. भारत में सबसे पहले सूर्यास्त कहाँ होता है?

(1) राजस्थान

(2) अरुणाचल प्रदेश

(3) कश्मीर

(4) अण्डमान निकोबार

148. भारत में किस राज्य में रबड़ का उत्पादन सबसे अधिक होता है?

(1) तमिलनाडु

(2) केरल

(3) त्रिपुरा

(4) कर्नाटक

149. जारवा जनजाति निम्न में से कहाँ पाई जाती है?

(1) बिहार

(2) लक्षद्वीप

(3) राजस्थान

(4) अण्डमान व निकोबार

150. राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड की स्थापना किस वर्ष में की गई?

(1) 1971

(2) 1974

(3) 1966

(4) 1976

*********